# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

नवनीति एडजेसेंट अपार्टमेंट पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२५-२६

कक्षा -चार विषय- हिंदी पाठ -२ अद्भुत प्रदर्शनी

कठिन शब्द

१)अलमारी

२)स्टोर रूम

३)प्रदर्शनी

४)कबाड़

५)प्रोटीन शेक

६)डिब्बा

७)ग्रीटिंग कार्ड

८)क्यारी

९)उडनतश्तरी

१०) छिलकों

११)माचिस

१२)शोपीस

१३)अभिभावक

१४)प्रदर्शनी

१५)थर्माकोल

१६)फेविकोल

१७)प्रधानाचार्य

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रश्न१) आयुष ने गमला कैसे बनाया ?

उत्तर आयुष ने पुराने प्रोटीन शेक के डब्बे पर रंगीन कागज़ लगाकर, उसे पुरानी राखियों और ग्रीटिंग कार्ड से सजावट करके गमला बनाया ।

प्रश्न२) तान्या ने उड़नतश्तरी कैसे बनाई ?

उत्तर तान्या ने 9 पुरानी सी.डी. जोड़कर उड़नतश्तरी बनाई थी ।

प्रश्न३) अनुष्का ने शोपीस कैसे बनाया ?

उत्तर अनुष्का ने घर के पुराने घड़े पर सजावट करके शोपीस बनाया था ।

प्रश्न४)सभी चकित क्यों थे ?

उत्तर घर के पुराने सामान से की गई सजावट को देखकर सभी चकित थे ।

प्रश्न५)प्रदर्शनी की क्या विशेषता थी ?

उत्तर प्रदर्शनी की यह विशेषता थी कि उसमें बच्चों ने फेविकोल और रंगीन टेप के अलावा कोई भी सामान बाज़ार से नहीं खरीदा था ।

रिक्त स्थान भरिए।

१) हमारी कक्षा के छात्रों को एक ____________लगानी है ।

२) आयुष दौड़कर एक खाली ___________ ले आया ।

३) वह यह देखकर चौंक गया की कक्षा के सभी छात्रों ने बहुत __________ सामान बनाए थे।

४) मान्या ने पुराने ग्रीटिंग कार्डों से बनाई गई एक _______________ उन्हें पहनाई।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

१)प्रदर्शनी -कला, सामान आदि लोगों को दिखाना

सभी विद्यार्थी कल प्रदर्शनी देखने के लिए गए ।

२)कक्ष - कमरा

प्रधानाचार्य जी का कक्ष बहुत ही सुंदर सजाया गया था ।

३)अभिभावक - माता-पिता या बड़े

विद्यालय में सभी प्रतियोगियों के अभिभावकों को निमंत्रण भेजा गया ।

४)चकित -हैरान

पुराने सामानों से बनाई गई चीज़ों को देखकर सभी लोग चकित रह गए ।